Stepwells

Stepwells are the hallmark of India's architectural brilliance. The simple, utilitarian wells have been taken to another level so that they become architectural master pieces. Most of the stepwells in India are found in the western states like Gujarat, Rajasthan, some part of North Karnataka and Delhi. They are known by different names. In Gujarat they are known as 'vav' or 'vavdi', where as in Rajasthan they are called Baori or Bawdi. In Karnataka, they are known as 'Pushkarini'.

Department of Posts is bringing 16 stamps on Stepwells of different parts of the country to commemorate the architectural heritage of India.

1. Chand Baori, Abhaneri:

This is an enormous stepwell located in the Abhaneri village of Rajasthan. It is believed to be built between AD 800 and 900. There are many balconies of Pavilion around the Chand Baoli, and also the reminiscent of a temple around it. Chand Baori stepwell consists of 3,500 narrow steps over 13 storeys.

2. Raniji Ki Baori, Bundi:

Raniji ki Baori, also "Queen's stepwell" is a noted stepwell situated in Bundi town in Rajasthan state in India. It was built in 1699 by Rani Nathavati Ji who was the younger queen of the ruling Rao Raja Anirudh Singh of Bundi. It is a 46 m deep stepped well with some superb carvings on its pillars and a high arched gate. It is a multistoreyed structure with places of worship on each floor. The stepwell has a narrow entrance marked by four pillars. Stone elephant statues that face each other stand in the corners.

3. Nagar Sagar Kund, Bundi:

The Nagar Sagar twin stepwells are identical stepwells crafted in pristine masonry next to each other quite close to Chogan Gate in the centre of Bundi. The stepwells were originally called Janana Sagar and Ganga Sagar – but are now jointly named as Nagar Sagar Kund. The stepwells were constructed by Maharani Chandrabhanu Kumari between 1871 and 1875 during the reign of Maharao Raja Ram Singh.

4. Neemrana Stepwell, Alwar:

Neemrana stepwell in Alwar district of Rajasthan was constructed in 18th Century and it is as deep as 9 storey building. In the arid planes of Rajasthan, finding ground water was more difficult than finding gold. Therefore, it was built for famine relief by the local Rajas.

5. Toor Ji Ka Jhalra, Jodhpur:

Toor Ji Ka Jhalra was built in 1740s by Maharaja Abhay Singh's Queen Consort in keeping with the old age tradition of ladies of the Royal family building public water works. Submerged in stagnant water for decades, its recent drainage, clean-up and restoration has uncovered over 200 feet of hand-carved treasures in Jodhpur's famous rose red sandstones – including intricate carvings of dancing elephants, medieval Lion and Cow-shaped water spoutes and water deities.

6. Panna Mian ki Baori, Jaipur:

Panna Mina Ki Baori is located near the fort in the ancient city of Amber in Jaipur, Rajasthan. It was built in the 16th Century. The symmetry of the stairs makes this Baori picturesque. It has cris-cross stairs and a raised central platform. It was built as a sort of community gathering area.

7. Pushkarini Stepwell, Hampi:

Pushkarini Stepwell was built during the Vijayanagara period in the 15th Century. In Karnataka, the stepwells are known as "Pushkarini". This beautiful stepwell with five diminishing stages was found during an excavation in 1980. It is located quite close to the colossal structure named Mahanavami Dibba. The stepwell is perfectly geometrical, devoid of any elaborate carvings.

8. Muskin Bhanvi Stepwell, Lakkundi:

Muskin Bhanvi Stepwell is situated in Lakkundi, a tiny town located near the Hubballi city in Karnataka. Muskin Bhanvi is a deep stepwell near the Manikesvara Temple in Lakkundi. Bhanvi is word used to denote the stepwells in this region of Karnataka. This stepwell is believed to be from 12th century AD.

9. Rani ki Vav, Patan:

Rani ki Vav (Queen's stepwell) is situated at the town of Patan in Gujarat. This intricate stepwell was built around 1050AD by the Queen of Bhimdev I of Solanki dynasty. It is 27m deep well with an intricate construction and beautiful carving featuring the Hindu Gods. This stepwell is constructed in Maru-Gurjara architectural style. It is recognized by UNESCO as a World Heritage site.

10. Dada Harir Stepwell, Ahmedabad:

Dada Harir stepwell is situated in Asarwa area of Ahmedabad, Gujarat. Dada Harir stepwell is an enormous stepwell constructed in 1485, by a women named Dada Harir. She was a dependent of Sultan Mahmud Begada of Muzaffarid dynasty. This stepwell is built in the Solanki architectural style. From the top, it looks like an octagon and has five floors. The galleries around the well are adorned with beautiful carvings and there are stairs leading to the bottom of the well.

11. Adalaj Stepwell, Adalaj:

This stepwell is one of the most intricately carved stepwells from Gujarat. It was made in 15th century by the Sultan Mahmud Begada of Muzaffarid dynasty. It is a unique water building situated in the village of Adalaj near Ahmedabad.

12. Surya Kund, Modhera:

This beautiful stepwell is situated near the Sun temple complex in Modhera which is a small city located in the Mehsana district of Gujarat. The temple is quite ancient, built during the 1026-27 AD by the King Bhimdev of Solanki dynasty. It is a large rectangular stepped water tank known as a finest example of geometry. Leading to the stepwell, there is a beautifully carved domed door frame known as 'Kirti-Torana'.

13. Shahi Baori, Lucknow:

Shahi Baori was built by fourth Nawab of Awadh. When the Bara Imambara was built a huge reservoir was created to store water. It was around this large water storage that the Shahi Baori was built by Nawab Asaf-ud-Daulah. The floors of Shahi Baori was specially designed by an expert designer from England.

14. Ghaus Ali Shah Baori, Farrukh Nagar:

It is an octagonal shaped stepwell located in Farrukh Nagar close to Gurgaon, Haryana. It was built by a local ruler named Ghaus Ali Shah who was under the patronage of Mughal king Farrukh Siyar. It was built during the 18th Century. This stepwell is built out of stone, lime plaster and bricks. The water tank in the centre is surrounded by a verandah with well-framed arches on all sides.

15. Agrasen Ki Baori, Delhi

Agrasen ki Baori (also known as Ugrasen ki Baori), designated as a protected monument by the Archaeological Survey of India (ASI) under the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act of 1958, is a 60-meter long and 15-meter wide historical stepwell on Hailey Road near Connaught Place, Jantar Mantar in New Delhi. It is believed that it was originally built by the legendary King Agrasen, and rebuilt in the 14th Century by the Agrawal community which traces its origin to Maharaja Agrasen. This stepwell is built in 3 levels or 103 steps made of red stone and each level has surrounding walls with carved niches.

16. Rajon ki Baori, Delhi

This ancient stepwell is located in the Mehrauli Archaeological Park in Delhi. It is believed to be built in 1506 by Daulat Khan under the patronage of Sikandar Lodhi. It is named as Rajon Ki Baori, as it was used by the royal masons or Raj Mistries. All three sides of this stepwell are covered with colonnaded arcades. This stepwell has four diminishing levels.

Department of Posts is pleased to issue a set of 16 Commemorative Postage Stamps on Stepwells.

Credits:-

Text	:	Based on the material available on internet
Stamps/Sheetlets/First Day Cover/ Brochure/Cancellation Cachet	:	Shri Brahm Prakash

बावड़ियां

बावड़ियां, भारत की वास्तुशिल्पीय उत्कृष्टता का बेजोड़ नमूना हैं। रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली ये बावड़ियां अपनी स्थापत्य कला के कारण विशिष्टता की कोटि प्राप्त कर चुकी हैं। भारत में अधिकतर बावड़ियां गुजरात और राजस्थान जैसे पश्चिमी राज्यों के साथ-साथ उत्तरी कर्नाटक के कुछेक हिस्सों और दिल्ली में पाई जाती हैं। इन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। उदाहरण के लिए गुजरात में जहां इन्हें 'वाव' या 'वावड़ी' कहा जाता है, वहीं राजस्थान में इनका नाम 'बावली' या 'बावड़ी' है। दूसरी ओर कर्नाटक में इन्हें 'पुष्करिणी' कहा जाता है।

डाक विभाग, भारत की समृद्ध वास्तुशिल्पीय विरासत की उत्कृष्टता को रेखांकित करते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों की बावड़ियों पर 16 डाक-टिकट जारी कर रहा है।

1. चांद बावड़ी, आभानेरी :

चांद बावड़ी एक विशाल बावड़ी है, जो राजस्थान के आभानेरी गांव में स्थित है। मान्यता है कि इसका निर्माण-कार्य 800 ई. से 900 ई. के बीच संपन्न हुआ। चांद बावड़ी के इर्द-गिर्द गलियारों के अनेक बरामदे बने हैं, जो इसके किनारे निर्मित किसी मंदिर की याद दिलाते हैं। चांद बावड़ी में कुल 3500 संकरी सीढ़ियां हैं, जो 13 मंजिल नीचे उतरती हैं।

2. रानीजी की बावड़ी, बूंदी :

रानीजी की बावड़ी एक विशिष्ट बावड़ी है, जो राजस्थान के बूंदी कस्बे में स्थित है। इसका निर्माण सन 1699 में रानी नाथावती ने करवाया था, जो बूंदी के तत्कालीन शासक राव राजा अनिरूद्ध सिंह की छोटी रानी थी। यह बावड़ी 46 मीटर गहरी है और इसके स्तम्भों और ऊंचे मेहराबदार द्वार पर खूबसूरत नक्काशी की गई है। इस बहुमंज़िला निर्माण की हर मंजिल पर पूजा स्थल बनाए गए हैं। इस बावड़ी के संकरे द्वार पर 4 स्तम्भ निर्मित हैं और प्रत्येक कोने में एक-दूसरे का रूख किए हाथी की मूर्तियां हैं।

3. नागर सागर कुंड, बूंदी :

नागर सागर बावड़ियां, दो अलग-अलग बावड़ियां हैं, जो एक दूसरे से हूबहू मिलती हैं। बूंदी के बीचों-बीच चोगन द्वार के नजदीक अगल-बगल बनी ये बावड़ियां उत्कृष्ट निर्माण-कला का नमूना हैं। इन बावड़ियों को मूलत: जमना सागर व गंगा सागर कहा जाता था और अब इन्हें संयुक्त रूप से नागर-सागर कुंड कहा जाता है। इन बावड़ियों का निर्माण महाराव राजा राम सिंह के शासनकाल के दौरान महारानी चन्द्रभानु कुमारी द्वारा वर्ष 1871 से 1875 के बीच करवाया गया था।

4. नीमराणा बावड़ी, अलवर :

राजस्थान के अलवर जिले में स्थित नीमराणा बावड़ी किसी 9 (नौ) मंजिला इमारत के बराबर गहरी है। इसका निर्माण 18वीं सदी में हुआ। राजस्थान की मरुधरा में पानी की तलाश करना सोना खोजने से भी मुश्किल था। अत: स्थानीय राजाओं ने इस बावड़ी का निर्माण अकाल राहत के उपाय के तौर पर किया।

5. तूरजी का झालरा, जोधपुर :

"तूरजी का झालरा" का निर्माण महाराजा अभय सिंह की रानी ने 1740 के दशक में करवाया। यह निर्माण-कार्य उस परम्परा के तौर पर किया गया, जिसके तहत शाही परिवारों की महिलाएं जनसामान्य के लिए पानी के स्रोतों की व्यवस्था करवाती थीं। दशकों तक तूरजी का झालरा ठहरे हुए पानी में डूबा रहा और हाल ही में इसकी साफ-सफाई और पुनरुद्धार का कार्य संपन्न हुआ है, जिससे इसकी खूबसूरती सामने आई है। जोधपुर के प्रसिद्ध गुलाबी लाल बलुआ पत्थर से निर्मित 200 फुट से लम्बी इसकी दीवारों पर नाचते हाथियों की महीन आकृतियां तराशी गई हैं और साथ ही मध्यकालीन कला शैली में सिंह और गाय के आकार की जल निकासी टोंटियां और देवी-देवताओं की मूर्तियां भी बनाई गई हैं।

6. पन्ना मियां की बावड़ी, जयपुर :

पन्ना मियां की बावड़ी, राजस्थान के जयपुर के प्राचीन शहर अंबर के किले के निकट स्थित है। इसका निर्माण 16वीं शताब्दी में हुआ। इस बावड़ी की सीढ़ियों की एकरूपता इसे अत्यंत खूबसूरत बनाती है। इसकी ये अनूठी सीढ़ियां आडी तिरछी हैं और बीच में एक उठा हुआ मंच बनाया गया है। इस बावड़ी का निर्माण सामुदायिक गतिविधियों हेतु लोगों के एकत्र होने के स्थान के तौर पर किया गया था।

7. पुष्करिणी बावड़ी, हम्पी :

पुष्करिणी बावड़ी का निर्माण 15वीं शताब्दी में विजयनगर के दौर में हुआ। कर्नाटक में बावड़ियों को पुष्करिणी कहा जाता है। पांच मंजिल नीचे उतरती सीढ़ियों वाले इस खूबसूरत कुंड की खोज 1980 में खुदाई के दौरान हुई। यह कुंड, महानवमी डिब्बा नामक एक विशाल ढांचे के बगल में स्थित है। पूर्णत: ज्यामितीय आकार में निर्मित इस कुंड में किसी किस्म की महीन नक्काशी देखने को नहीं मिलती।

8. मुस्किन भानवी बावड़ी, लक्कुंडी :

मुस्किन भानवी बावड़ी (कुंड), कर्नाटक के हुब्बाली शहर के नजदीक लक्कुंडी नामक छोटे से कस्बे में स्थित है। लक्कुंडी के मणिकेश्वर मंदिर के निकट बनी यह बावड़ी अत्यंत गहरी है। कर्नाटक के इस क्षेत्र में बावड़ियों को भानवी के नाम से जाना जाता है। मान्यता हैं कि इस बावड़ी का निर्माण ई. 12वीं शताब्दी में हुआ।

9. रानी की वाव, पाटण :

रानी की वाव, गुजरात के पाटण कस्बे में स्थित है। महीन कारीगरी वाली इस बावड़ी का निर्माण-कार्य सोलंकी राजवंश के भीमदेव - I की रानी द्वारा लगभग 1050 ई. में करवाया गया। इस बावड़ी की गहराई लगभग 27 मीटर है। इसका निर्माण-कार्य अत्यंत महीन शैली में हुआ है और इसकी दीवारों पर देवी-देवताओं की सुन्दर आकृतियों की नक्काशी की गई है। इस बावड़ी का निर्माण मारू-गुर्जर वास्तुशैली में किया गया है। इस बावड़ी को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

10. दादा हरीर बावड़ी, अहमदाबाद :

दादा हरीर बावड़ी, गुजरात में अहमदाबाद के असारवा क्षेत्र में स्थित है। इस विशाल बावड़ी का निर्माण दादा हरीर नामक एक महिला द्वारा 1485 में करवाया गया। दादा हरीर, मुजफ्फरीद राजवंश के सुलतान महमूद बेगाड़ा की आश्रिता थी। इस बावड़ी का निर्माण सोलंकी स्थापत्य कला शैली में किया गया है। ऊपर से यह बावड़ी अष्टभुजाकार दिखाई पड़ती है। इसकी पांच मंजिलें हैं। इसके कूप के इर्द-गिर्द गलियारे बने हैं, जिन्हें खूबसूरत नक्काशी से सजाया गया है और इनके बीचोंबीच बनी सीढ़ियां इस कूप के तल तक पहुंचती हैं।

11. अडालज बावड़ी :

अडालज बावड़ी, गुजरात की सबसे खूबसूरत नक्काशी वाली बावड़ियों में से एक है। इस बावड़ी का निर्माण-कार्य, मुजफ्फरीद राजवंश के सुलतान महमूद बेगाड़ा द्वारा 15वीं शताब्दी में करवाया गया। अहमदाबाद के निकट अडालज नामक गांव में स्थित यह जलाशय अत्यंत अनूठा है।

12. सूर्य कुंड, मोढेरा :

यह सुंदर बावड़ी, गुजरात के मेहसाणा जिले के मोढेरा नामक छोटे से शहर में सूर्य मंदिर परिसर के निकट स्थित है। यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। इसका निर्माण, सोलंकी राजवंश के राजा भीमदेव द्वारा 1026-27 ई. में करवाया गया था। सीढ़ियों से सजी यह विशाल बावड़ी आयताकार है और ज्यामितीय निर्माण-कला का बेहतरीन नमूना पेश करती है। इस बावड़ी का द्वार एक गुंबद से सजा है, जिस पर अत्यंत मोहक नक्काशी की गई है। इस द्वार को 'कीर्ति तोरण' के नाम से जाना जाता है।

13. शाही बावड़ी, लखनऊ :

शाही बावड़ी का निर्माण अवध के चौथे नवाब ने करवाया था। जब बड़े इमामबाड़े का निर्माण हुआ, तो पानी एकत्रित करने के लिए एक विशाल जलाशय बनाया गया। इसी विशाल जलाशय के इर्द-गिर्द नवाब असफ-उद-दौला ने शाही बावड़ी का निर्माण करवाया। इस शाही बावड़ी की विभिन्न मंजिलों का डिजाइन इग्लैंड से बुलाए गए एक विशेषज्ञ डिजाइनर द्वारा तैयार किया गया।

14. गौस अली शाह बावड़ी, फारुख नगर :

यह अष्टभुजाकार बावड़ी गुड़गांव (हरियाणा) के निकट फारुख नगर में स्थित है। इसका निर्माण गौस अली शाह नामक स्थानीय शासक ने करवाया था। गौस अली शाह, मुगल राजा फारुख सियार के संरक्षण में था। इस बावड़ी का निर्माण 18वीं शताब्दी के दौरान किया गया। यह बावड़ी, पत्थर, चूना प्लस्तर और ईंटों से बनी है। बावड़ी के भीतर बना जल कुंड बरामदे से घिरा है, जिसके चारों ओर सुंदर मेहराबें हैं।

15. अग्रसेन की बावड़ी, दिल्ली :

अग्रसेन की बावड़ी (जिसे उग्रसेन की बावड़ी भी कहा जाता है) को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल व अवशेष अधिनियम, 1958 के अंतर्गत संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। लगभग 60 मीटर लंबी और 15 मीटर चौड़ी यह ऐतिहासिक बावड़ी, नई दिल्ली में जंतर-मंतर (क्नॉट प्लेस) के निकट हेली रोड पर स्थित है। माना जाता है कि इस बावड़ी का निर्माण कार्य प्रसिद्ध राजा उग्रसेन द्वारा करवाया गया था। बाद में 14वीं सदी में अग्रवाल समुदाय के लोगों ने, जो स्वयं को महाराजा अग्रसेन के वंशज मानते हैं, ने नए सिरे से इसे बनवाया। यह बावड़ी तीन मंजिला है और इसमें 103 सीढ़ियां हैं। इस बावड़ी की प्रत्येक मंजिल की दीवारों पर नक्काशीदार ताक बनाए गए हैं।

16. राजों की बावड़ी, दिल्ली :

यह प्राचीन बावड़ी दिल्ली के महरौली पुरातात्विक पार्क में स्थित है। मान्यता है कि इसका निर्माण कार्य सिकन्दर लोधी के संरक्षण में दौलत खां द्वारा 1506 में करवाया गया। इस बावड़ी का नाम राजों की बावड़ी इसलिए है क्योंकि इसका इस्तेमाल तब के राजमिस्त्रियों द्वारा किया जाता था। यह बावड़ी तीन ओर से स्तंभाकार मेहराबों से घिरी है और इसकी सीढ़ियां चार मंजिल नीचे उतरती हैं।

डाक विभाग, बावड़ियों पर 16 स्मारक डाक-टिकटों का सेट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार:-

पाठ	:	इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री पर आधारित
डाक टिकट/शीटलेट्स/प्रथम दिवस आवरण/ विवरणिका/विरूपण मुहर	:	श्री ब्रह्म प्रकाश

भारतीय डाक

India Post

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500पैसा (8), 1500पैसा (8)
Denomination	:	500p (8), 1500p (8)
मुद्रित शीटलेट्स	:	5 प्रकार के प्रत्येक 1 लाख 16 प्रकार के प्रत्येक 3125
Sheetlets Printed	:	1 Lakh each of 5 types 3125 each of 16 types
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00